दैनिक जागरण 17/10/2024

वित्तीय प्रबंधन को सरल तरीके से समझाया

जीएमएन कालेज में कार्यक्रम के दौरान उपस्थिति को संबोधित करते वक्ता • विज्ञप्ति।

जासं • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में वित्तीय जागरूकता सत्र का आयोजन कालेज के वाणिज्य विभाग और कारपोरेट रिसोर्स सेंटर (सीआरसी) के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य डा. रोहित दत्त और संयोजक डा. सुरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। इस सत्र का उद्देश्य छात्रों के बीच वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता हरविंदर सिंह सोखी, मैनेजर, सीडीएसएल लिमिटेड, रहे। उन्होंने अपने वित्तीय सेवाओं में लंबे अनुभव के साथ छात्रों को महत्वपूर्ण वित्तीय अवधारणाओं को सरल और व्यावहारिक तरीके से समझाने में मदद की। सत्र में लगभग 60 छात्रों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता ने वित्तीय योजना, वित्तीय प्रबंधन और दीर्घकालिक योजना के बारे में बताया गया। इसी तरह जोखिम प्रबंधन, डिजिटल वित्तीय सेवाओं पर भी जानकारी दी। सीआरसी की संयोजक डा. भारती सुजान और प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी प्रो. कमलप्रीत कौर, प्रो. जसमिता हांडा एवं प्रो. रीतिका राय ने आयोजन में सहयोग किया। इसके अलावा कालेज में सीआरसी द्वारा कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग एवं मैनेजमेंट विभाग के सहयोग से प्रयोगशाला सीजन-1 के तहत वर्कशाप आयोजित की। इसी तरह कालेज में पौधारोपण, साइबर सिक्योरिटी पर कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ।